CMYK

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 111 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - मंगलवार, 7 अक्टूबर 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## अंता विधानसभा में उपचुनाव, बिहार में भी दो चरणों में मतदान


**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

चुनाव आयोग ने राजस्थान के बारां जिले की अंता विधानसभा सीट पर उपचुनाव और बिहार में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। अंता में मतदान 11 नवंबर को होगा और मतगणना 14 नवंबर को होगी। बिहार में दो चरणों में वोटिंग होगी 6 और 11 नवंबर को और परिणाम 14 नवंबर को घोषित किए जाएंगे।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि दोनों राज्यों में मतदाता सूची अपडेट की गई है। जिन मतदाताओं के नाम सूची में नहीं हैं, वे नामांकन से 10 दिन पहले तक शामिल करवा सकते हैं। बिहार में कुल 243 सीटें हैं और करीब 7.42 करोड़ मतदाता हैं। इसमें 14 लाख नए मतदाता पहली बार मतदान करेंगे। घर से वोट देने के लिए फॉर्म 12डी का विकल्प उपलब्ध रहेगा।

अंता में उपचुनाव की वजह बीजेपी विधायक कंवरलाल मीणा की सदस्यता रद्द होना है। 2005 के उपसरपंच चुनाव के दौरान उन पर एसडीएम पर पिस्तौल ताने और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुँचाने का मामला था। उन्हें तीन साल की सजा मिली और सुप्रीम कोर्ट ने अपील खारिज कर दी। 1 मई 2025 को उनकी सदस्यता रद्द कर दी गई।

राजनीतिक दृष्टि से यह उपचुनाव दोनों बड़े दलों के लिए महत्वपूर्ण है। 2023 में कंवरलाल मीणा ने कांग्रेस के पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया को करीब 5,000 वोटों से हराया था। बीजेपी इस सीट को अपनी सरकार



की ताकत दिखाने के लिए जीतना चाहती है। पार्टी कंवरलाल की पत्नी भगवती मीणा या पूर्व मंत्री प्रभुलाल सैनी को उम्मीदवार बना सकती है। वहीं, कांग्रेस प्रमोद जैन भाया या उनकी पत्नी उर्मिला जैन भाया को मैदान में उतारने की योजना बना रही है।

अंता विधानसभा सीट का राजनीतिक इतिहास भी इसे खास बनाता है। पिछले 20 वर्षों में कांग्रेस और बीजेपी दोनों ने यहां जीत दर्ज की है। 2008 और 2018 में कांग्रेस के प्रमोद जैन भाया विजयी रहे, जबकि 2013 में प्रभुलाल सैनी और 2023 में कंवरलाल मीणा ने जीत हासिल की। इस क्षेत्र के स्थानीय कार्यकर्ता लंबे समय से स्थानीय उम्मीदवार की मांग करते आए हैं।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने और उसके बच्चे के जन्म का मामला पुलिस के लिए लंबे समय से चुनौती बना हुआ था। मार्च 2025 में दर्ज मामले में आरोपी फरार चल रहा था और हाईकोर्ट से गिरफ्तारी पर स्टे लेकर बचता रहा। इस बीच पुलिस अधीक्षक ने आरोपी पर 5 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया था।

प्रतापनगर थाना प्रभारी सुरजीत सिंह ने बताया कि पटेल नगर निवासी केशव कुमार उर्फ ऋषिराज ने पीड़िता को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके परिणामस्वरूप पीड़िता गर्भवती हुई और बाद में उसने बच्ची को जन्म दिया। आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए कोर्ट से स्टे हासिल कर फरार था।

पुलिस ने आरोपी की तलाश दिल्ली, बिहार और उत्तरप्रदेश में की और तकनीकी निगरानी व लगातार दबिश के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी से पूछताछ जारी है और मामले की आगे की जांच जारी है।

## 264 करोड़ की पेयजल परियोजनाओं का भूमि पूजन, मांडल क्षेत्र में जल जीवन मिशन को गति





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भू-जल मंत्री कन्हैयालाल चौधरी सोमवार को जिले के दौरे पर पहुंचे और जल जीवन मिशन के तहत 264.61 करोड़ रुपए की पेयजल परियोजनाओं का भूमि पूजन, शिलान्यास और लोकार्पण किया। यह परियोजनाएं सुवाणा, सहाड़ा और रायपुर ब्लॉक में चंबल पेयजल परियोजना सेकंड फेज के चौथे पैकेज के रेट्रोफिटिंग कार्यों से संबंधित हैं।

मंत्री चौधरी ने आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के हर व्यक्ति तक पानी पहुँचाना प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अवैध कनेक्शन को बड़ी समस्या बताया और कहा कि जल्द ही इस पर अंकुश लगाने के लिए सख्त कानून बनाए जाएंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में जल जीवन मिशन के माध्यम से हर घर तक जल पहुँचाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है।

इस अवसर पर मंत्री चौधरी ने पालड़ी, धूमड़ास, मंगरोप, दांथल, खायड़ा, सुवाणा, अगरपुरा, रतनपुरा, भोली, पातलियास, कांदा, बोरड़ा, मालोला और हुर्निया खेड़ा में बनने वाली पेयजल टंकियों का भूमि पूजन किया। साथ ही, आरजिया कीरखेड़ा में उच्च जलाशय और पाइपलाइन बिछाने के 1.19 करोड़ रुपए के कार्य का लोकार्पण और शहरी जल योजना मांडल, मेजा, लुहारिया, करेड़ा व चितांबा में पाइपलाइन बदलने का शिलान्यास भी किया गया।

मंत्री चौधरी ने कहा कि जल जीवन मिशन केवल जल आपूर्ति तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्थायी जल व्यवस्था स्थापित करने का प्रयास भी है। उन्होंने यह भी कहा कि हर घर में जल कनेक्शन सुनिश्चित किया जाएगा और परियोजनाओं का नियमित मेंटीनेंस किया जाएगा।

कार्यक्रम में मांडल विधायक उदयलाल भडाणा और भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने भी आमजन को संबोधित किया और परियोजनाओं की जानकारी साझा की। जलदाय विभाग के अधिकारीगण तकनीकी विवरण भी उपस्थित लोगों के साथ साझा कर रहे थे। मंत्री चौधरी ने उपस्थित जनता से अपील की कि वे अवैध कनेक्शन और जल की बर्बादी पर नजर रखें। उन्होंने कहा कि अवैध कनेक्शन केवल पानी की कमी नहीं पैदा करता, बल्कि इसका सामाजिक और आर्थिक असर भी पड़ता है। इसके खिलाफ सख्त कदम उठाने की तैयारी जारी है।

## भरका माता मंदिर चोरी का खुलासा: 2.3 किलो चांदी के साथ चार आरोपी गिरफ्तार



**भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर।**

डेढ़ साल पहले भरका माता मंदिर में हुई चोरी का थाना पुलिस ने खुलासा किया है। इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लगभग 2 किलो 300 ग्राम चांदी बरामद की गई।

थानाधिकारी लीलाधर मालवीय ने बताया कि मामले में मुख्य तीन आरोपियों ने मंदिर से चांदी की परतें चोरी कर एक सुनार को बेचने की बात स्वीकार की है। पूछताछ के दौरान अन्य कई मंदिरों में भी चोरी करने की जानकारी सामने आई है । गिरफ्तार आरोपियों में दुर्गेश निवासी देवली, थानापुर, भीलवाड़ा ,प्रकाश निवासी खारोलिया का खेड़ा, थानापुर, भीलवाड़ा ,राधेश्याम निवासी खारोलिया का खेड़ा, थानापुर, भीलवाड़ा और ताराचंद निवासी साडास, जिला चित्तौड़गढ़ शामिल हैं।

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने आसींद क्षेत्र के माताजी मंदिर से चांदी और नकदी, रायला क्षेत्र के चौथ माताजी मंदिर से दान पात्र तोड़कर चोरी, करेड़ा क्षेत्र के बालाजी मंदिर से दान पात्र से नकदी चोरी, बनेड़ा क्षेत्र के भैरुजी स्थान से दान पात्र तोड़ना और कारोई क्षेत्र की एक किराने की दुकान व अस्पताल से सामान चोरी करने की बात स्वीकार की हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है ।

## रायला में नाबालिग ने सातवीं के छात्र पर किया चाकू से हमला , हाथ हुआ ज़ख़्मी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

रायला के एक सरकारी स्कूल में सोमवार को सातवीं कक्षा के छात्र पर नाबालिग हमलावर ने स्कूल गेट के भीतर चाकू से हमला कर दिया। हमले में छात्र का हाथ जख्मी हो गया, जिससे स्कूल में दहशत का माहौल बन गया। इस घटना ने स्थानीय लोगों में भी चिंता और रोष पैदा कर दिया। थाना प्रभारी बच्छराज ने बताया कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में नाबालिग आरोपी, जो समुदाय विशेष का है, ने छात्र पर चाकू से वार किया। वार से छात्र के हाथ पर चोट आई। पुलिस ने तुरंत



मौके का निरीक्षण किया और आरोपी नाबालिग सहित आसपास के लोगों से पूछताछ की है। पुलिस ने बताया कि क्रिकेट खेलने को लेकर हुए विवाद के चले नाबालिग आरोपी ने हमला कर दिया । आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है और आगे की कार्रवाई जारी है।

'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

# पुलिस की बड़ी कार्रवाई: बकरा चोरी गैंग का सदस्य, अवैध शराब कारोबारी और बाइक चोर गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

पुलिस द्वारा अपराध पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इनमें लंबे समय से फरार चल रहा बकरा चोरी गैंग का सदस्य, एक अवैध हथकड़ शराब बनाने वाला और एक बाइक चोर शामिल है। थानाधिकारी उगमाराम सैनी ने बताया कि बकरा चोरी प्रकरण में फरार चल रहा आरोपी कालां उर्फ कालू कंजर निवासी बड़ा चिताबड़ा को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी पर 25 जुलाई को पांच भेड़ों की चोरी का मामला दर्ज था। इसी प्रकार



5 अक्टूबर को दर्ज आबकारी प्रकरण में पुलिस ने राकेश कंजर निवासी बड़ा चिताबड़ा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 15 लीटर अवैध हथकड़ शराब और एक मोटरसाइकिल बरामद की।

वहीं, बेंगू थाना क्षेत्र की चंदाखेड़ी जोगणिया माता से चोरी हुई मोटरसाइकिल को बरामद करते हुए पुलिस ने आरोपी नरेश उर्फ गुंगा कंजर (22) को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है और अन्य मामलों में उनकी संलिप्तता की जांच की जा रही है।

# रायपुर सीएचसी कर्मचारियों का बकाया वेतन जल्द जारी करने की मांग



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष नारायण लाल माली ने रायपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कर्मचारियों के तीन माह से अधिक समय से बकाया वेतन का मुद्दा उठाया है। वित्तीय और प्रशासनिक चार्ज जारी न होने के कारण कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला, जिससे उन्हें गंभीर वित्तीय और जीवन-यापन की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

जिलाध्यक्ष माली ने इस संबंध में निदेशक अराजपत्रित, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ, राजस्थान सरकार, जयपुर को ज्ञापन सौंपकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने कहा कि वेतन न मिलने से कर्मचारियों के लिए अपने परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो गया है। माली ने अपील की है कि प्रशासन जल्द वित्तीय एवं प्रशासनिक चार्ज जारी करे, ताकि कर्मचारियों का बकाया वेतन तुरंत भुगतान किया जा सके।

# अखिल भारतीय तेली महासभा का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन 11 और 12 को

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

**नरेश धाकड़।** अखिल भारतीय तेली महासभा का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन 11 और 12 अक्टूबर को कस्बे की बोहरा जी की बगीची में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में देशभर से समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी, महिला प्रकोष्ठ और युवा प्रकोष्ठ के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

राष्ट्रीय अधिवेशन में राष्ट्रीय संयोजक यशवंत कुमार तेली, राष्ट्रीय मुख्य संरक्षक राधेश्याम गुप्ता, राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबूलाल राठौर, राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष सूरज राठौर, राष्ट्रीय महिला संरक्षक विजयलक्ष्मी आर्य, कला आर्य, महिला प्रकोष्ठ की डॉ. अनीता प्रयाग, राष्ट्रीय संरक्षक हीरालाल तेली समेत कई वरिष्ठ पदाधिकारी हिस्सा लेंगे।



इसके अलावा राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार चंद्रवाल, महिला प्रदेश अध्यक्ष रामकन्या साहू, युवा प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट ओमप्रकाश तेली और उपाध्यक्ष सहित प्रदेश कार्यकारिणी भी अधिवेशन में भाग लेंगी। अधिवेशन की तैयारियों को लेकर सोमवार को ऊपरमाल राठौर तेली समाज के सदस्यों की बैठक बोहरा जी की बगीची में आयोजित की गई। बैठक में आयोजन की रूपरेखा पर चर्चा की गई और सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया।

# मेजा बांध में मिला तीन दिन से लापता युवक का शव, इलाके में फैली सनसनी



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

तीन दिन से लापता युवक का शव सोमवार सुबह मेजा बांध में तैरता मिला। मृतक की पहचान अर्जुन पुत्र जगदीश सेन (28) टंकी के बालाजी निवासी के रूप में हुई है। अर्जुन तीन दिन पहले घर से निकला था। जिसका काफ़ी तलाश के बाद भी पता नहीं लगा। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी सुभाष नगर थाने में दर्ज कराई थी। सोमवार को शव की पहचान बांध के पास खड़ी मोटरसाइकिल और दस्तावेजों से की गई।

ग्रामीणों ने बताया कि रविवार देर रात बांध क्षेत्र में कुछ लोगों की आवाजाही देखी गई थी, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि अर्जुन बांध तक कैसे पहुँचा और पानी में कैसे गिरा। घटना से इलाके में शोक और चिंता का माहौल है।

मांडल पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए और शव को पोस्टमार्टम के लिए मांडल उप जिला अस्पताल भेजा। प्रारंभिक जांच में मौत के कारण स्पष्ट नहीं हो पाए हैं, लेकिन प्रथम दृष्ट्या सुसाइड की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पार्षद ने नगर निगम को दिया अल्टीमेटम, कर्मचारी कॉलोनी की मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

नगर निगम पार्षद शिवप्रकाश घावरी ने कर्मचारियों के लिए नई कॉलोनी और भूखंड आवंटन की पुरानी मांग को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। घावरी ने चेतावनी दी है कि यदि अगले सात दिनों में इस पर ठोस कार्यवाही नहीं हुई, तो वे निगम कार्यालय के बाहर धरने पर बैठेंगे।

ज्ञापन में घावरी ने बताया कि 1962-63 में कर्मचारियों के लिए कॉलोनी बनाई गई थी, लेकिन उसके बाद नई कॉलोनी का निर्माण नहीं हुआ। सफाई कर्मचारी यूनियन भी समय-समय पर यह मांग करती रही है। घावरी ने कहा कि प्रशासन की लगातार अनदेखी के कारण समस्या लंबित है और अब तत्काल समाधान आवश्यक है।



# भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिया स्वदेशी का संदेश, आत्मनिर्भर भारत का लिया संकल्प

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**

**(दिलखुश मीणा)।** नगर में सोमवार को एक निजी फार्म हाउस में आयोजित आत्मनिर्भर भारत अभियान कार्यशाला में भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वदेशी अपनाओ, भारत बनाओ का ऐतिहासिक संकल्प लिया।

मंडल प्रभारी देवव्रत सिंह ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का मूल मंत्र स्वदेशी है, जिससे देश और स्थानीय व्यापारी दोनों मजबूत होंगे। उन्होंने त्योहारों में स्वदेशी उत्पादों की खरीद को बढ़ावा देने की अपील की। कार्यशाला का संचालन मंडल मंत्री महावीर प्रसाद सेन सांकरिया ने किया और सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मनजीत सिंह शक्तावत, पुष्पेंद्र सिंह शक्तावत, मोहसिना बानो, रामप्रसाद कुमावत, रोडू कुमावत, सोनू गुर्जर, विमल जैन, चिरंजी कहार, सोजीराम लोढ़ा, सुरेश चौधरी, मुकेश जाट, निहालचंद, प्यारेलाल खींची, रामचरण लोढ़ा सहित सभी बूथ अध्यक्ष व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# ऊपरमाल में धूमधाम से मनाया अजमीढ़ जयंती महोत्सव



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

**मानव तिवाड़ी।** कस्बे में सोमवार को ऊपरमाल श्री मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज ने अजमीढ़ जयंती महोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया। समारोह की शुरुआत चारभुजानाथ मंदिर से निकली भव्य शोभायात्रा से हुई, जो मुख्य मार्गों से होते हुए समाज भवन तक पहुंची। शोभायात्रा में समाज के पुरुष, महिलाएं और युवा नृत्य और गीतों के साथ शामिल हुए। मुख्य मार्ग में जगह जगह पुष्पवर्षा के साथ शोभायात्रा का स्वागत किया गया। इसके बाद अजमीढ़ भवन में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें पारंपरिक नृत्य और गीतों के माध्यम से समाजजनों ने प्रस्तुतियां दी।

कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के सभी स्वर्णकार बंधुओं ने अपनी दुकानों को बंद रखकर उत्सव में सक्रिय सहभागिता निभाई। पुरुष सफेद वस्त्रों में और महिलाएं पारंपरिक परिधान और चुनरी ओढ़े उपस्थित हुईं।

# ऊकारपुरा में करंट लगने से दो भैंसों की मौत, ग्रामीणों में आक्रोश

**भीलवाड़ा फोकस @कोटड़ी ग्रामीण।**

**दिनेश पारीक।** उपखंड के ऊकारपुरा गांव में 33 केवी लाइन का टूटा तार गिरने से दो भैंसों की करंट लगकर मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पारोली थाना पुलिस और पशु चिकित्सा विभाग की टीम मौके पर पहुंची। पारोली थाना के दीवान रामेश्वर मीणा ने बताया कि भोलू गुर्जर की लापता भैंसें ककरोलिया घाटी में मृत मिलीं। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. बाबूलाल मीणा ने मौके पर पोस्टमार्टम कर रिपोर्ट तैयार की।

ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली लाइन कई दिनों से टूटी थी, लेकिन विभाग ने मरम्मत नहीं की। उन्होंने बिजली विभाग से जिम्मेदारों पर कार्रवाई और उचित मुआवजा देने की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




## QUICK BITES

### अखिल भारतीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए शाहपुरा के दो विद्यार्थियों का चयन

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



(मूलचंद पेसवानी)। आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय, शाहपुरा के दो विद्यार्थियों का चयन अखिल भारतीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए हुआ है। प्रधानाचार्य दुर्गालाल ने बताया कि छात्र रोहित धाकड़ का चयन 1500 मीटर, 3000 मीटर व क्रॉस कंट्री दौड़ में हुआ है, जबकि छात्रा नम्रता कंवर ऊँची कूद स्पर्धा में भाग लेगी। दोनों ने जिला व राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर यह स्थान हासिल किया है। खेल प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि यह प्रतियोगिता 31 अक्टूबर से 4 नवम्बर तक हासन कर्नाटक में आयोजित होगी। विद्यालय परिवार ने दोनों खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि वे उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र व विद्यालय का नाम रोशन करेंगे।

### कायमखानी समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन अगले वर्ष 10 मई को

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



(मूलचंद पेसवानी)। कायमखानी समाज द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। सोमवार को बोरखेड़ा दरगाह में वाइनुर खांजी की अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी सम्मेलन 10 मई रविवार को धूमधाम से आयोजित होगा।

बैठक में बताया गया कि रजिस्ट्रेशन 1 जनवरी से 10 अप्रैल तक होंगे, जबकि 30 अप्रैल को गांठिया भेजने की रस्म आयोजित की जाएगी। इसके अलावा 25 दिसंबर को समाज की जनरल मीटिंग रखी जाएगी, जिसमें तैयारियों पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

सम्मेलन में वर की न्यूनतम आयु 21 वर्ष और वधु की 18 वर्ष तय की गई है। पंजीकरण के लिए जन्म प्रमाणपत्र या मार्कशीट के साथ आधार व जनआधार कार्ड अनिवार्य रहेंगे।

आयोजन की जिम्मेदारी युवा वर्ग को सौंपी गई है, जबकि मार्गदर्शन मेवाड़ कायमखानी विकास सेवा संस्थान देगा। बैठक में समाज के वरिष्ठों और युवाओं ने इसे एकता व सहयोग की मिसाल बताया और सम्मेलन को सफल बनाने का आह्वान किया।


**भीलवाड़ा फोकस**

भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ | बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नज़र?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com

वेब: www.bhilwarafocus.com


# अणुव्रत उद्बोधन सप्ताह में महाविद्यालय में मनाया गया अनुशासन दिवस

भीलवाड़ा फोकस @शाहपुरा



(मूलचंद पेसवानी)। राजकीय प्रताप सिंह बारहठ स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अणुव्रत उद्बोधन सप्ताह के छठे दिन अनुशासन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, शिक्षक और अतिथिगण शामिल हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ उर्मिला कुम्हार द्वारा अणुव्रत गीत से हुआ। मार्गदर्शक रंगकर्मी सचिना रामप्रसाद पारीक ने अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि अनुशासन केवल नियम पालन नहीं, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में सफलता का आधार है। मुख्य वक्ता तेजपाल उपाध्याय ने युवा पीढ़ी को अनुशासन अपनाने और सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया।

मंत्री गोपाल लाल पंचोली ने अणुव्रत आंदोलन की महत्ता बताई और छात्रों से इसे जीवन में अपनाने का आह्वान किया। अध्यक्ष रामस्वरूप काबरा और उपाध्यक्ष अखिल व्यास ने छात्रों को संकल्प दिलवाया और आयोजकों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने अणुव्रत के सिद्धांतों और अनुशासन का पालन करने का संकल्प लिया, समय का सही उपयोग करने और अनावश्यक विवादों से दूर रहने की प्रतिज्ञा की।

# धाकड़ जयपुर में राष्ट्रीय गौ रक्षा बैठक में होंगे शामिल

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

(मूलचंद पेसवानी)। अखिल भारतीय गौवंश रक्षण एवं संवर्धन परिषद की राष्ट्रीय बैठक 7 से 9 अक्टूबर तक जयपुर के लीला शाह भवन, प्रतापनगर में आयोजित होगी। विश्व हिंदू परिषद के जिला गौशाला प्रमुख मुकेश प्रजापत ने बताया कि बैठक में सह प्रांत प्रमुख रामेश्वर लाल धाकड़ भाग लेंगे। यह बैठक चंपत राय, गुरु प्रसाद सिंह और श्रीनारायण अग्रवाल के मार्गदर्शन में होगी। बैठक में देशभर से आए प्रतिनिधि गौ रक्षा की रणनीति, वार्षिक कार्ययोजना और ग्रामीण स्तर पर किए जा रहे प्रयासों पर चर्चा करेंगे। धाकड़ ने कहा कि यह बैठक गौ रक्षण आंदोलन को नई दिशा देने में अहम साबित होगी।



# गांव में पहुंची सरकारः सांगरिया में लगा ग्राम सेवा शिविर, सैकड़ों ग्रामीणों की समस्याएं हुई हल

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

(मूलचंद पेसवानी)। उपखंड क्षेत्र फूलियाकला की ग्राम पंचायत सांगरिया में सोमवार को आयोजित ग्राम सेवा शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया। शिविर का निरीक्षण अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामावतार कुमावत ने किया और कहा कि अब शासन की सभी सेवाएं गांव के द्वार पर उपलब्ध कराई जा रही हैं।



उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी ग्रामीण को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और सभी कार्य मौके पर ही निस्तारित किए जाएं। शिविर में स्वास्थ्य, राजस्व और सामाजिक सुरक्षा विभागों की टीमों ने स्वास्थ्य जांच, नामांतरण, पट्टा वितरण, पेंशन व पालनहार योजनाओं से संबंधित कार्यों का निस्तारण किया।

# एनएसयूआई ने प्रदेश अध्यक्ष विनोद जाखड़ की रिहाई को लेकर किया प्रदर्शन

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

(मूलचंद पेसवानी)। एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष विनोद जाखड़ की गिरफ्तारी के विरोध में सोमवार को एनएसयूआई व युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन कर उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शन का नेतृत्व जयंत जीनगर और राम सिंह मीणा ने किया। कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र बचाओ विनोद जाखड़ को रिहा करो के नारे लगाते हुए सरकार पर लोकतांत्रिक आवाज़ दबाने के आरोप लगाए।



एनएसयूआई नेता अमन पोंड्रिक ने कहा कि बिना ठोस कारण के जाखड़ को हिरासत में रखना लोकतंत्र के विरुद्ध है। उन्होंने चेतावनी दी कि रिहाई नहीं होने पर आंदोलन को जिला स्तर पर तेज किया जाएगा।

इस मौके पर ओमप्रकाश जाट, बबलू मीणा, प्रत्यक्षी यूनुस खान, बुद्धिप्रकाश मीणा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सेवा भावना ही सच्चे स्वयंसेवक की पहचान : डॉ. मीणा

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

(मूलचंद पेसवानी)। श्री प्रताप सिंह बारहठ राजकीय महाविद्यालय, शाहपुरा में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के त्रिदिवसीय अभिविन्यास कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पुष्कर राज मीणा ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि सेवा भावना ही सच्चे स्वयंसेवक की पहचान है और इसी से समाज निर्माण संभव है। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. तोरण सिंह चौहान ने एनएसएस की वार्षिक कार्ययोजना प्रस्तुत करते हुए कहा कि यह केवल योजना नहीं, बल्कि जीवन जीने की प्रेरक शैली है।



डॉ. हंसराज सोनी ने आने वाले तीन दिनों में आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी।

कार्यक्रम में स्वयंसेविका डाली कुमारी कुम्हार ने एनएसएस का लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया। अंत में डॉ. सोनी ने सभी अतिथियों और स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया।

# माणिक कंवर बालिका विद्यालय में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान व हरित विद्यालय पर विशेषज्ञ वार्ता

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

(मूलचंद पेसवानी)। पीएम श्री वीर माता माणिक कंवर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को राष्ट्रीय आविष्कार अभियान एवं हरित विद्यालय कार्यक्रम के तहत दो विषयों पर विशेषज्ञ वार्ता आयोजित की गई। मुख्य अतिथि डॉ. सत्यनारायण कुमावत ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने एस.टी.ई.ए.एम. (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, कला व गणित) विषय पर छात्राओं को प्रेरक जानकारी दी और नवाचार के लिए प्रोत्साहित किया।इसके बाद महेश कोली चूरिया मूरिया संस्थान ने जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संरक्षण पर वार्ता दी। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और ओजोन परत क्षरण से निपटने के लिए हर व्यक्ति को पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार होना चाहिए।कार्यक्रम का संचालन इंदिरा जैन ने किया। अंत में संस्था प्रधान रीता जी ने अतिथियों का आभार व्यक्त कर स्मृति चिन्ह भेंट किए। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ व छात्राएं उपस्थित रहीं।



# भीलवाड़ा छात्र हॉकी टीम का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

**(सांवर वैष्णव)** 69वीं राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में भीलवाड़ा जिले की छात्र टीमों ने दमदार प्रदर्शन किया। 17 वर्ष और 19 वर्ष छात्र वर्ग की टीमों ने अपनी कड़ी मेहनत और टीम भावना का परिचय देते हुए प्रतियोगिता में ऊँचे स्थान हासिल किए।



17 वर्ष छात्र वर्ग की टीम उपविजेता रही। निर्णायक चंद्र प्रकाश वैष्णव ने बताया कि प्रतियोगिता शहीद कैप्टन नवपाल सिंह राउमावि, पदमपुर, श्रीगंगानगर में आयोजित हुई। फाइनल मुकाबले में भीलवाड़ा की टीम मेजबान श्रीगंगानगर से 2-3 से हार गई। इस टीम में मोहनलाल चौबे और हीरालाल रेगर शामिल रहे ।

वहीं, 19 वर्ष छात्र वर्ग की टीम ने पीएमश्री राउमावि, भीनमाल, जालौर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया। टीम में शारीरिक शिक्षक शाबिर हुसैन, अनुराग वैष्णव और पुष्पेंद्र सिंह भी शामिल रहे। फाइनल मुकाबलों के दौरान सवाईपुर और भीलवाड़ा से बड़ी संख्या में खेल प्रेमियों ने भीलवाड़ा टीम का उत्साहवर्धन करने के लिए श्रीगंगानगर में पहुंचकर उनका हौसला बढ़ाया।

# उदलियास पंचायत में अतिवृष्टि से फसल नुकसान, पटवारी ने किया निरीक्षण

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण

**दिनेश पारीक ।** उपखंड क्षेत्र की उदलियास ग्राम पंचायत में लगातार हुई अतिवृष्टि से किसानों को पंहुचे नुकसान को लेकर सोमवार को पटवारी मुकेश मीणा एवं ग्राम सेवक रामअवतार ने प्रभावित खेतों का निरीक्षण कर किसानों से जानकारी जुटाई। सचिव दयाशंकर मीणा और



सरपंच धापू देवी भी निरीक्षण में मौजूद रहे। पटवारी ने बताया कि निरीक्षण रिपोर्ट तैयार कर राजस्व विभाग को भेजी जाएगी, ताकि प्रभावित किसानों को राहत मिल सके। ग्राम प्रशासन द्वारा किसानों को राजस्थान सरकार की योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है। विधायक गोपीचंद मीणा और प्रधान करण सिंह बेलवा के निर्देश पर टीम घर-घर जाकर फसल हानि की सूची तैयार कर रही है, ताकि किसी भी किसान को राहत से वंचित न रहना पड़े।

# संगम विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सुरक्षा पर भू-स्थानिक दृष्टिकोण पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार आज से

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

संगम विश्वविद्यालय के भू-सूचना विज्ञान विभाग द्वारा भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद नेशनल रीजनल सेंटर के सहयोग से 7 और 8 अक्टूबर को राष्ट्रीय सुरक्षा पर भू-स्थानिक दृष्टिकोण- एक सामाजिक परिप्रेक्ष्य÷ विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया जा रहा है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. करुणेश सक्सेना ने बताया कि इस प्रकार की शोध एवं अकादमिक गतिविधियों के लिए विश्वविद्यालय को भारत सरकार से अनुदान मिलना छात्रों और शोधार्थियों के लिए नए अवसर प्रदान करता है। उपकुलपति प्रो. मानस रंजन पाणिग्राही और कुलसचिव डॉ. आलोक कुमार ने आयोजन के लिए विभाग को बधाई दी। सेमिनार संयोजक डॉ. लोकेश त्रिपाठी ने बताया कि दो दिवसीय कार्यक्रम में पांच तकनीकी सत्र होंगे, जिनमें राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े



समसामयिक मुद्दों पर विशेषज्ञ चर्चा करेंगे। सह-संयोजक डॉ. मुकेश शर्मा और डॉ. विकास सोनी होंगे, जबकि आयोजन सचिव डॉ. संदीप चौरसिया हैं।

उद्घाटन सत्र में एम.पी.यू.ए.टी. विश्वविद्यालय, उदयपुर के कुलपति प्रो. अजीत कुमार मुख्य अतिथि रहेंगे। रीजनल रिमोट सेंसिंग सेंटर, कोलकाता से सेवानिवृत्त डिप्टी जनरल मैनेजर श्री सुपर्ण पाठक और एनसीसी यूनिट भीलवाड़ के कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल शैलेन्द्र सिंह राठौर विशिष्ट अतिथि होंगे। समापन सत्र में बीआईटी जयपुर के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. एम. पी. पुनिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

# खजीना टीम ने संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में कबड्डी और वॉलीबॉल में जीते खिताब

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला / सवाईपुर

**( जसवंत पारीक)(सांवर वैष्णव)** खजीना गांव के राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय में आयोजित संभाग स्तरीय उच्च प्राथमिक व वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय बालिका वर्ग प्रतियोगिता के दूसरे दिन 19 वर्ष सीनियर वर्ग में मेजबान खजीना टीम का दबदबा



रहा।कबड्डी फाइनल में खजीना ने मेरुकला, अजमेर की टीम को 32-29 से हराकर खिताब जीता। वहीं, वॉलीबॉल फाइनल में खजीना ने गागुड़ा, नागौर की टीम को 3-0 से मात देकर विजेता बनी। प्रधानाचार्य भवानी शंकर शर्मा ने बताया कि खजीना टीमों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा।

# हरि शेवा उदासीन आश्रम में बाबा शेवाराम जी का 109वाँ प्राकट्य उत्सव प्रारंभ

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर में आराध्य परम पूज्य सतगुरु बाबा शेवाराम जी का 109वाँ प्राकट्य उत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ शुरू हुआ। सुबह हवन-पूजन और रामायण पाठ के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। संतों महात्माओं के सत्संग, प्रवचन, आरती और भंडारे का आयोजन किया गया।



महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम ने कहा कि जीव को आत्मा के सुख की तलाश करनी चाहिए, न कि सांसारिक सुख की। आश्रम में अनेक संत-महात्माओं ने दर्शन दिए और भक्तों ने संध्याकालीन छप्पन भोग में भाग लिया। उत्सव के द्वितीय दिन 7 अक्टूबर को सुबह 5-6 बजे समाधि साहेब पर मौन साधना, प्रातः 8 बजे धर्म ध्वजा स्थापना और रामायण पाठ के समापन पर भोग एवं भंडारे का आयोजन होगा।

## QUICK BITES

# ईरांस श्मशान घाट की बदहाल स्थिति से ग्रामीण परेशान

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



**(मूलचंद पेसवानी)।** रायला के निकटवर्ती ईरांस ग्राम पंचायत का श्मशान घाट वर्षों से जर्जर और बदहाल स्थिति में है। यहाँ बने पुराने टीन शेड में छत और खंभों में दरारें हैं, और रास्तों में कीचड़ के कारण अंतिम संस्कार करना मुश्किल हो गया है।

रविवार को सड़क हादसे में मृत राकेश वैष्णव का अंतिम संस्कार करने आए परिजन और ग्रामीणों को सोमवार को श्मशान घाट तक शव पहुँचाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों ने शव कंधे पर उठाकर कीचड़ से होते हुए श्मशान घाट तक पहुँचाया। स्थानीय निवासी रामचरण वैष्णव ने बताया कि भूमि पहले ही आवंटित है, लेकिन टीन शेड और रास्ते का निर्माण अधूरा छोड़ दिया गया। जर्जर संरचना, कीचड़ और सांप-बिच्छू की समस्या से सुरक्षा खतरे में है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की हैं कि नया टीन शेड, सुरक्षित पक्का मार्ग और बैठने की व्यवस्था जल्द बनाई जाए, ताकि भविष्य में अंतिम संस्कार के दौरान किसी भी परिवार को असुविधा या जोखिम का सामना न करना पड़े।

# शाहपुरा मिनी स्विमिंग ओलंपिक 12 अक्टूबर को

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



**(मूलचंद पेसवानी)।** लंबे इंतजार के बाद शाहपुरा मिनी स्विमिंग ओलंपिक 12 अक्टूबर, रविवार को सुबह 9 बजे आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता दो आयु समूहों में होगी , जिसमे 2014-2015 जन्म वाले बालक-बालिकाएं 100 मीटर और 200 मीटर के चारों स्ट्रोक और इंडिविजुअल मेडले में भाग लेंगे, जबकि 2016 और बाद में जन्मे प्रतिभागी 50 मीटर की रेस में हिस्सा लेंगे। प्रत्येक प्रतिभागी अधिकतम तीन इवेंट में भाग ले सकेगा।

आयोजन समिति ने प्रतिभागियों से 8 अक्टूबर तक अपनी भागीदारी की पुष्टि करने और नए एंट्री देने का अनुरोध किया है। बच्चों की सुरक्षा और सुविधा के लिए प्रशिक्षकों की निगरानी, पानी और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। अभिभावकों से सहयोग की अपील की गई है ताकि बच्चे समय पर और तैयार होकर प्रतियोगिता में शामिल हो सकें।

# शाहपुरा ब्लॉक के अस्थाई योग प्रशिक्षकों ने मानदेय भुगतान की मांग की

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



**(मूलचन्द पेसवानी)।** ब्लॉक क्षेत्र के अस्थाई योग प्रशिक्षकों ने विधायक डॉ. लालाराम बैरवा और बीएमएचओ को ज्ञापन सौंपकर पिछले एक वर्ष से न दिए गए मानदेय का भुगतान समय पर सुनिश्चित करने की मांग की। प्रशिक्षकों ने बताया कि वे प्रत्येक माह लगभग 10 दिन योग प्रशिक्षण दे रहे हैं, लेकिन भुगतान में लगातार देरी हो रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे संगठित होकर आंदोलन करने को मजबूर होंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में सुरेश कुमार कोहली, राहुल सोलंकी, रोहित राकेश बैरागी सहित अन्य प्रशिक्षक शामिल थे। उन्होंने कहा कि योग कार्यक्रमों की निरंतरता और ग्रामीणों में स्वास्थ्य व फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए उनका समय पर भुगतान आवश्यक है।

# शरद पूर्णिमा का पर्व धूमधाम से मनाया

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



**(मूलचन्द पेसवानी)।** शहर और आसपास के गांवों में सोमवार को शरद पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। चमना बावड़ी स्थित श्री जी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना हुई, जहां पुजारियों ने चंद्रमा की अमृतमयी चांदनी में खीर रखने की परंपरा बताई। भक्तों ने दूध, खीर और प्रसाद का भोग लगाकर सुख-समृद्धि की कामना की। शाम को मंदिर परिसर भजन-कीर्तन और दीपों से जगमगा उठा। रात्रि में श्रद्धालुओं ने चंद्र दर्शन किए और पावन पर्व का आनंद लिया।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।